121

प्रेस-विज्ञप्ति
राजस्व विभाग, उत्तर प्रदेश
लेखपाल भर्ती परीक्षा-2015

जनपद का नाम - बागपत | परीक्षा का नाम :- लेखपाल राजस्व

विज्ञापन संख्या - **1373** /भूलेख-सात/लेखपाल भर्ती-2015/15 दिनांक 17 जून 2015

आवेदन पत्र स्वीकार (SUBMIT) किये जाने की अन्तिम तिथि - 22 जौलाई 2015
परीक्षा शुल्क बैंक में जमा करने की अन्तिम तिथि - 21 जौलाई 2015

प्रतियोगितात्मक परीक्षा द्वारा लेखपाल के पद पर चयन हेतु भारत के नागरिकों से निर्धारित प्रारूप पर ऑनलाईन आवेदन पत्र आमन्त्रित किये जाते हैं। लिखित परीक्षा दिनांक 30 अगस्त 2015 को आयोजित किया जाना प्रस्तावित है। परीक्षा के समय तथा स्थल का उल्लेख प्रवेश पत्र पर उल्लिखित रहेगा, जिसे अभ्यर्थियों द्वारा ऑनलाईन प्राप्त किया जा सकता है।

-: रिक्तियों का विवरण :-

क्रं. सं.	पदनाम	दिनांक 30.06.2015 को आयु	वेतनमान	कुल रिक्त पदों संख्या	अनारक्षित	अनुसूचित जाति	अनुसूचित जनजाति	अन्य पिछडी जाति	पद हेतु शैक्षिक अर्हता	पद हेतु अधिमानी अर्हता
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
1	लेखपाल	न्यनतम 18 वर्ष अधिकतम 40 वर्ष	रू0 5200-20200(ग्रेड-पे-2000)	27	13	07	शून्य	07	माध्यमिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0 की इण्टरमीडिएट परीक्षा या सरकार द्वारा इसके समकक्ष मायन्ता प्राप्त कोई अन्य परीक्षा में उत्तीर्ण	1-प्रादेशिक सेना में न्यूनतम दो वर्ष की अवधि तक सेवा की हो, या 2-राष्ट्रीय कैडेट कोर का "बी" प्रमाण पत्र पत्र प्राप्त किया हो।

1. लेखपाल पदों की भर्ती उ0प्र0 लेखपाल सेवा नियमावली-2006 यथा संशोधित 2014 एंव समय-समय पर जारी किये गये शासनादेश एंव परिषदादेश के अनुसार लिखित वस्तुनिष्ठ परीक्षा 80 अंकों की तथा साक्षात्कार 20 अंकों का होगा।
2. दिनांक 01.07.2015 को अभ्यर्थी की न्यूनतम आयु 18 वर्ष पूर्ण होना अनिवार्य है साथ ही उक्त दिनांक को अथ्यर्थी की आयु 40 वर्ष से अधिक न हो (शासकीय नियमों के अनुसार आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थियों को उच्चतर आयु सीमा में छूट प्रदान की जायेगी)। रिक्त पदों की संख्या (अनारक्षित/आरक्षित) को बढाया या कम किया जा सकता है। अनुसूचित जाति व अन्य पिछडा वर्ग के लिए आरक्षण विद्यमान शासकीय नियमों के अनुसार दिया जायेगा। इसी प्रकार क्षैतिज आरक्षण के अन्तर्गत आने वाली श्रेणियों यथा उ0प्र0 के स्वतन्त्रता संग्राम सेनानियों के आश्रित उ0प्र0 के भूतपूर्व सैनिकों, उ0प्र0 समाज के विकलांगो तथा उ0प्र0 की महिला अभ्यर्थियों को भी विद्यमान अद्यतन शासकीय नियमों के अनुसार रिक्तियां बनने पर आरक्षण अनुमन्य होगा।
3. ऑनलाईन फार्म दिनांक 22.06.2015 से दिनांक 22.07.2015 तक जमा किये जा सकेगें। अनारक्षित और पिछडा वर्ग के अभ्यर्थियों से अंकन-300/-रू0 (+ बैंक प्रभार अतिरिक्त) तथा उ0प्र0 के अनुसूचित जाति

वर्ग के अभ्यर्थियों को अंकन-150/-रू0 (+ बैंक प्रभार अतिरिक्त) का आवेदन शुल्क ई-चालान के माध्यम से जिलाधिकारी के पक्ष में देय होगा, जिसका उल्लेख ऑनलाईन आवेदन प्रपत्र पर किया जायेगा।

4. प्रदेश के साथ जनपदों में परिषद द्वारा निर्धारित तिथि व समय पर लिखित परीक्षा आयोजित की जायेगी। आवंटित परीक्षा केन्द्र पर ही अभ्यर्थियों को परीक्षा देनी होगी। परीक्षा केन्द्र परिवर्तन अनुमन्य नही होगा तथा इस सम्बन्ध में कोई भी प्रार्थना पत्र स्वीकार नही होगा।

5. लिखित परीक्षा वस्तुनिष्ठ 80 अंकों की तथा साक्षात्कार 20 अंकों का होगा। परीक्षा सम्बन्धी जानकारी के सम्बन्ध में तिथि, समय और परीक्षा एंव साक्षात्कार के आयोजन स्थल अभ्यर्थियों को ई-प्रवेश पत्र के माध्यम से अभ्यर्थियों द्वारा डाउनलोड किया जायेगा, जो कि परिषद की वैबसाईट http://bor.up.nic.in और जिले की वैबसाईट http://baghpat.nic.in पर उपलब्ध होगा।

6. ऑनलाईन आवेदन का प्रारूप, आफ लाईन परीक्षा सम्बन्धी निर्देश अन्य सामान्य निर्देश, अन्य विस्तृत सामान्य निर्देश एंव परीक्षा सम्बन्धी अन्य प्रसांगिक जानकारी व सम्पूर्ण विवरण दिनांक 22.06.2015 से परिषद की वैबसाईट http://bor.up.nic.in पर और जिले की वैबसाईट http://baghpat.nic.in पर उपलब्ध हो जायेगा।

अध्यक्ष, चयन समिति/जिलाधिकारी
जनपद बागपत